सुविचार

*गलती जीवन का एक पन्ना है, लेकिन रिश्ता पूरी एक किताब है जरूरत पड़ने पर गलती का एक पन्ना फाड़ देना, लेकिन एक पन्ने के लिए पूरी किताब कभी ना खो देना।*

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 7, अंक-20 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 24 जून 2022 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये



Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak


## वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन आज से

**नई दिल्ली।** अग्निपथ योजना के तहत वायुसेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत आज से कर दी गई है। इस पद को वायुसेना ने अग्निवीर वायु का नाम दिया है। यह वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत पहली भर्ती प्रक्रिया है। इस भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन आयोजित की जा रही है। जो भी उम्मीदवार इस भर्ती में शामिल होना चाहते हैं, वे अपना आवेदन वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइटपर जा कर जमा कर सकते हैं। आइए हम आपको बताते हैं अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन की पूरी प्रक्रिया..

**जानें भर्ती से जुड़ी महत्वपूर्ण तारीखें:** वायुसेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया 24 जून, 2022 से शुरू कर दी गई है। वहीं, आवेदन की आखिरी तारीख 5 जुलाई, 2022 को निर्धारित की गई है। चूंकि यह एक बहुचर्चित भर्ती है, इसलिए इसके लिए बड़ी संख्या में आवेदन आएंगे। उम्मीदवार किसी भी तकनीकी समस्या से बचने के लिए अपना आवेदन आखिरी तारीख से पहले ही पूरा कर लें।




### जानें जरूरी तारीखें-

अधिसूचना जारी होने की तारीख- 20 जून, 2022
आवेदन शुरू होने की तारीख- 24 जून, 2022
आवेदन समाप्त होने की तारीख- 5 जुलाई, 2022
परीक्षा की तारीख- 24 जुलाई, 2022 से शुरू
अंतरिम चयन सूची जारी होगी- 1 दिसंबर, 2022।

## इंदौर में छाए रहे बादल, शुक्रवार सुबह हुई हल्की बूंदाबांदी

**इंदौर।** इंदौर में पिछले तीन दिनों से बारिश का दौर दिखाई दे रहा है। शुक्रवार सुबह बादल छाए रहे और कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शुक्रवार शाम तक शहर में बारिश की तेज बौछारें भी देखने को मिल सकती है। गुरुवार को शहर में इस मानसून सीजन की सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई। मेघ शहर के पश्चिमी हिस्से में मेहरबान हुए और शाम 5.30 बजे से रात 11.30 बजे तक एयरपोर्ट क्षेत्र में छह घंटे में 49 मिमी पानी बरसा। वहीं रीगल क्षेत्र में 25 मिमी बारिश हुई। इंदौर में जून माह में अब तक 114 मिमी हुई बारिश हो चुकी है। गुरुवार शाम 5.30 बाद शहर के अधिकांश इलाकों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश का दौर शुरू हुआ। इस दौरान 45 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से तेज हवाएं चली। बारिश की शुरुआत तेज बौछारे के साथ हुई जो पश्चिम क्षेत्र में लगातार जारी रही।

### उद्धव को घेरने में पवार की भूमिका पर सवाल

## पहले बीजेपी राज्यसभा जीती, फिर एमएलसी चुनाव; रातोंरात विधायक सूरत कैसे पहुंच गए

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में जिस तरह उद्धव ठाकरे की कुर्सी पर संकट गहराया है, उसमें पुलिस इंटेलिजेंस की विफलता से इनकार नहीं किया जा सकता। ये विभाग राज्य के गृह मंत्रालय के अधीन आता है और इसके मुखिया NCP के दिलीप पाटिल वलसे हैं। इस मामले में वलसे के साथ-साथ NCP सुप्रीमो शरद पवार की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। बड़ा सवाल यही है कि ऐसा कैसे हुआ कि शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे एक साथ 36 विधायकों को अपने साथ मुंबई से सूरत ले गए और किसी को कानों कान भनक नहीं लगी। अगर उद्धव को समय रहते इसका पता चल गया होता तो वह भी राजस्थान के CM अशोक गहलोत की तरह बाड़ेबंदी करके अपनी सत्ता सुरक्षित करने की जोर जुगत करते। गौरतलब है कि पिछले 8 साल में अशोक गहलोत ही



एकमात्र ऐसे नेता रहे हैं, जिन्होंने तख्तापलट की कार्रवाई को विफल कर दिया था। सूत्रों के मुताबिक उद्धव को कमजोर करने का खेल राज्यसभा चुनाव से शुरू हुआ। पहले BJP को राज्यसभा चुनाव में सफलता मिली, जिसमें शिवसेना का उम्मीदवार हार गया। उसके बाद MLC चुनाव में शिवसेना को हार का सामना करना पड़ा। कहा गया कि दोनों ही चुनावों में क्रॉस वोटिंग से गड़बड़ी कराई गई।












## माल या रेत को अधिकतम सीमा से ज्यादा भर कर ले जाने वाले के खिलाफ क्या कार्यवाही होगी जानिए/MV Act,1988.....।

मोटर यान अधिनियम,1988 की धारा 113 में बताया गया है कि किसी वाहन को परमिट देने से पहले उसकी शर्तो को मानना अनिवार्य होगा जैसे कोई व्यक्ति बिना हवा वाले वाहन को सार्वजनिक सडक पर नहीं चलाएगा या वाहन की क्षमता से अधिक भार को नहीं ले जाएगा या सकल भार से अधिक नहीं भरेगा आदि। धारा-114 के अनुसार राज्य सरकार एवं परिवहन अधिकारी को शक्ति प्राप्त है कि वह ऐसे वाहन को अपनी सीमा के अन्दर तुलवा सकता है। एवं धारा-115 के अनुसार राज्य सरकार या परिवहन अधिकारी भारी या अधिक माल वाले वाहन को सड़क पर चलने से रोक सकती है एवं धारा 116 के अनुसार ऐसे वाहन पर राज्य सरकार या परिवहन अधिकारी चिन्ह लगा सकते है, अगर कोई व्यक्ति उपर्युक्त किसी भी धारा का उल्लंघन करता है तब क्या कार्यवाही हो सकती है जानिए।



### मोटर यान अधिनियम,1988 की धारा 194 की परिभाषा?

1. अगर कोई व्यक्ति उपर्युक्त धारा 113,114,या धारा 115 के नियमो अर्थात कोई भारी वाहन ,पंचर वाहन, आवशकता से अधिक भार वाला वाहन सड़क पर ले जाता है या अधिकारी के बोलने पर वाहन का भार नहीं तुलवता हैं या अधिकारी द्वारा रोके गए वाहन को दुवारा सार्वजनिक सड़क पर चलाता है तब ऐसे चालक या वाहन स्वामी पर बीस हजार रुपए का जुर्माना एवं अधिक भार होने पर दो हजार रुपए प्रतिटन के हिसाब से अतिरिक्त रकम का जुर्माना।
2. ऐसा लादा हुआ वाहन सार्वजनिक सड़क से ले जाना जिसका आधा भाग लंबाई, चौड़ाई या ऊँचाई में बाहर निकल रहा हो अर्थात कोई समान या वस्तु को इस प्रकार भरना की अतिरिक्त समान को रस्सी में बंध कर बाहर निकलना तब वाहन चालक या स्वामी को बीस हजार रुपए जुर्माना एवं उतराई भार की अतिरिक्त रकम देनी होगी।
3. अगर कोई व्यक्ति अधिकारी की जाँच से पहले ही माल को कम कर लेता है अर्थात रेत के वाहन से रेत को जांच से पहले ही काम कर देता है या वाहन के भार की तुलवाई नहीं करवाता है तब ऐसे व्यक्ति पर चालीस हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

**- लेखक बीआर अहिरवार(पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद) 9827737665**

## कार्यवाही करने के लिए घूस की मांग करना कब अपराध होगा जानिए/Corruption Prevention Act, 1988....

भ्रष्टाचार अधिनियम,1988 की धारा 7 में हमने आपको बताया था कि अगर कोई लोकसेवक किसी भी व्यक्ति से रिश्वत लेता है तब वह धारा सात के अंतर्गत दोषी होता है। लेकिन अगर कोई लोकसेवक किसी कार्यवाही को करने या आगे बढ़ाने के लिए घूस की मांग करता है,जैसे कोई नोकरी लगवाने के वहाने पैसे एठने वाला अधिकारी, किसी न्यायालय की कार्यवाही को आगे बढ़ाने वाला मजिस्ट्रेट, कोई बिजनेस,कारोबार को आगे बड़ावने के लिए घूस की मांग करने वाला लोकसेवक आदि, पर कब एवं किस धारा के अंतर्गत मामला दर्ज होगा जानिए।

### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम,1988 की धारा 11 की परिभाषा-?

जो कोई लोकसेवक या अन्य किसी



लोकसेवक के नाम पर किसी कार्यवाही को करवाने या कारोबार, बिजनेस से संबंधित कार्य या अन्य किसी भी प्रकार के काम करवाने के लिए घूस लेता है या घूस की मांग करता है तब वह लोकसेवक उपर्युक्त धारा के अंतर्गत दोषी होगा।

### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम,1988 की धारा 11 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान?

इस धारा के अपराध किसी भी प्रकार से समझौता योग्य नहीं है एवं यह अपराध अजमानतीय होंगे, इनकी सुनवाई का अधिकार प्रथम वर्ग के मजिस्ट्रेट को हैं। सजा- इस अपराध के लिए अधिकतम पाँच वर्ष की कारावास और जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।

**नोट**- इस अपराध में असम्यक् लाभ का अर्थ है काम से पहले घूस लेना,

**उधानुसार**- कोई थाने का भारसाधक अधिकारी किसी कार्यवाही को करने के लिए घूस की मांग करता है अर्थात कार्यवाही को पूरा नहीं किया गया है उससे पहले ही घूस लेने वाला थाना अधिकारी इस धारा के अंतर्गत दोषी होगा।

**- लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(महिला समाजिक कार्यकर्ता एवं जिला ब्यूरो चीफ अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)**

# देश में कोरोना का कोहराम, एक दिन में 17 हजार से ज्यादा मामले, दिल्ली-महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा संक्रमण



**नई दिल्ली।** कोरोना एक बार फिर से डराने लगा है। देश में तेजी से मामले बढ़ रहे हैं और इसके साथ ही संक्रमण दर भी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को सामने आई केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, 24 घंटे के अंदर 17,336 मामले सामने आए हैं। जबकि, एक दिन पहले 13313 मरीज सामने आए थे। इसका मतलब है देश में एक दिन के अंदर चार हजार से ज्यादा मामले बढ़े हैं। इसके अलावा कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच सक्रिय मरीजों में भी तेजी से इजाफा दर्ज किया जा रहा है। देश में अब 88,284 सक्रिय मरीज हैं। जबकि, कल तक 83,990 सक्रिय मरीज थे। एक दिन में चार हजार से ज्यादा सक्रिय मरीज भी बढ़े हैं।

**दिल्ली में संक्रमण दर 8 फीसदी के पार:** राजधानी दिल्ली में बीते 24 घंटे में कोरोना के मामलों में उछाल आया है। बीते पांच महीने में संक्रमण के सबसे अधिक 1934 मामले मिले हैं। इससे पहले तीन फरवरी को एक दिन में 2668 मरीज मिले थे। नए मामलों के साथ संक्रमण दर 8.10 फीसदी दर्ज की गई है। वहीं, 1233 मरीजों ने कोरोना को मात दी है।

**महाराष्ट्र में 5000 से ज्यादा मामले:** महाराष्ट्र में गुरुवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 5,218 नए मामले सामने आए, जबकि एक और मरीज ने महामारी के चलते जान गंवा दी। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में कोरोना वायरस संक्रमण के 2,479 नए मरीजों की पहचान हुई। इसमें बताया गया है कि राज्य में बुधवार के मुकाबले गुरुवार को 60 फीसदी ज्यादा मामले सामने आए। बुधवार को महाराष्ट्र में कोविड-19 के 3,260 नए मामले व तीन और मौतें दर्ज की गई थीं। सबसे ज्यादा 13,614 मामले मुंबई में रिकॉर्ड किए गए थे। पड़ोसी ठाणे जिले में 5,488 और पुणे में 2,443 मरीज संक्रमित मिले थे।

**मंडाविया ने की अधिकारियों के साथ बैठक:** कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कोरोना संक्रमण की निगरानी और जीनोम सिक्वेंसिंग पर ध्यान केंद्रित करने पर निर्देश दिए। उन्होंने ज्यादा मामले वाले राज्यों में बूस्टर डोज की गति बढ़ाने पर भी जोर दिया।

**12 राज्यों में बढ़ी कोरोना की रफ्तार:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, 10 जून के बाद 12 राज्यों में कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ी है। इसमें महाराष्ट्र, केरल, दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडु, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, गुजरात, गोवा, पंजाब में साप्ताहिक मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है।

## वार्ड पार्षद नहीं सामूहिक पार्टी चुनाव मैदान में है : कटारे

**बेगमगंज।** इस बार का चुनाव पिछले चुनाव की अपेक्षा अलग हटकर है। पूर्व में जनता के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से अध्यक्ष का चुनाव होता था एवं वार्ड पार्षद का चुनाव अलग होता था। तब पार्टी अध्यक्ष के लिए संपूर्ण शक्ति केंद्रित कर देती थी और पार्षदों को अपनी-अपनी शक्ति लगाना पड़ती थी। इस बार प्रत्येक वार्ड में पार्टी अध्यक्ष के चुनाव की तरह अपना ध्यान केंद्रित कर पूरी शक्ति लगाकर पार्टी के प्रत्याशियों को विजयश्री दिलाने के लिए मैदान में उतर रही है, ताकि भाजपा का जनाधार बरकरार रहे। यह बात भाजपा के नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी मनोज कटारे ने गुरुवार को यहां चुनावा कार्यालय का शुभारंभ करते हुए कही।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश के द्वारा जनसाधारण में जागरूकता अभियान द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया

**पत्रकार बीआर अहिरवार**

नर्मदापुरम। शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन के मार्गदर्शन में शासकीय जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश के द्वारा जनसाधारण में जागरूकता अभियान अंतर्गत कार्यशाला ''वर्तमान में युवाओं में बढ़ता अवसाद के कारण'' विषय पर आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने बताया कि रोगी में डिप्रेशन के लक्षण जैसे रोगी का किसी भी कार्य में रुचि ना होना, सामाजिक एवं व्यक्तिगत संबंधों में अरुचि, चिड़चिड़ापन तथा रोगी को सोचने निर्णय लेने में परेशानी आने के कारण आत्महत्या तक के विचार आते हैं। इसके उपचार हेतु पारिवारिक परामर्श डिप्रेशन में अति महत्वपूर्ण सहायक होता है। ताकि डिप्रेशन के पारिवारिक कार्य को को समझकर उन्हें बदला जा सके तथा इसके अलावा जीवन शैली में बदलाव तथा योग व्यायाम एवं पोषक तत्व वाला भोजन एवं सामाजिक गतिविधियों में लगातार शामिल करना चाहिए। डॉ शुभम सरकार द्वारा छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया गया कि



डिप्रेशन एक गंभीर मानसिक अवस्था है जिसमें सभी मनोरोगों में अवसाद का प्रतिशत सर्वाधिक है यह निराशाजनक विचारों की ऐसी अवस्था है जिसमें व्यक्ति निराशाजनक दृष्टिकोण रखता है तथा भविष्य के प्रति भी निराश रहता है।

युवाओं में अवसाद के प्रमुख कारण पारिवारिक संबंधों में तनाव, गंभीर बीमारी होना तथा लक्ष्य हासिल ना होने पर कुंठा का बढ़ते जाना है। डॉ. ओषीन जैन ने अपने उद्बोधन में बताया कि वर्तमान में अवसाद की गंभीरता, लक्षण आयु आदि के आधार पर उपचार के तरीके का निर्धारण किया जाता है। जिससे डिप्रेशन पूर्णतः ठीक हो जाता है तथा इसके रोगी को पूर्ण निरीक्षण में रखना जरूरी है तथा जल्दी ही उनका इलाज करवाना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ रीना मालवीय एवं डॉ हर्षा चचाने द्वारा भी छात्राओं को संबोधित किया गया।जिला चिकित्सालय के डॉ. गीता चौधरी डॉ. कांति यदुवंशी, एवं महाविद्यालय से डॉ. संगीता अहिरवार, डॉ श्रीकांत दुबे, डॉ अरुण सिकरवार, डॉ रागनी सिकरवार, डॉ. कीर्ति खरे, डॉ. एकता गुप्ता, डॉ. प्रगति जोशी, डॉ. मधु विजय, श्रीमती विमला कदम, श्वेता वर्मा, कुमारी रोशनी, कुमारी अंशिका एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## पंचायतों में थम गया पहले चरण का प्रचार, 25 को होगा मतदान

**रायसेन।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के प्रथम चरण में सिलवानी व बाड़ी जनपदों के अंतर्गत 25 जून को मतदान होगा। यहां पर गुरुवार शाम से प्रचार थम गया है। सिलवानी में 20 जनपद सदस्यों, 69 सरपंचों व दो जिपं सदस्य और बाड़ी के 25 जनपद सदस्यों, 91 सरपंचों व चार जिपं सदस्यों का होगा भाग्य का फैसला मतदाता करेंगे। इससे पहले सिलवानी में तीन व बाड़ी में 15 सरपंचों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। जबकि बाड़ी की जनकपुर ग्राम पंचायत अजजा वर्ग का एक भी मतदाता नहीं होने से यहां कोई भी नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया है। यहां अब छह माह बाद उपचुनाव होंगे। सिलवाली जनपद अंतर्गत जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 8 व 9 शामिल हैं। यहां जनपद सदस्य के कुल 20 वार्ड हैं। 72 ग्राम पंचायतें व 1175 पंचों के पद शामिल हैं। मतदान केंद्रों की संख्या 180 है। यहां पर कुल 99 हजार 171 मतदाता हैं। जिनमें 51921 पुरुष व 47 हजार 249 महिला एवं एक अन्य मतदाता शामिल हैं।

## आज 50 पार पहुंच सकता है शिंदे गुट का आंकड़ा, उद्धव की विदाई लगभग तय



**मुंबई।** महाराष्ट्र में सियासी संकट लगातार गहराता ही जा रहा है। एक तरफ शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे बार-बार महाराष्ट्र सरकार को चुनौती दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर सीएम उद्धव ठाकरे असहाय नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं शिंदे ने अब मैजिक नंबर पूरा होने का भी दावा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि उनके साथ शिवसेना के 37 विधायक मौजूद हैं और कोई दल-बदल कानून नहीं चलेगा। इस बीच शरद पवार ने बागी विधायकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि आपके भविष्य के लिए यह सही नहीं है। महाराष्ट्र के सियासी संकट से जुड़े हर अपडेट के लिए बने रहें अमर उजाला के साथ... शिवसेना नेता संजय राउत ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा के एक केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि अगर महाविकास अघाड़ी सरकार को बचाने के प्रयास किया गया तो शरद पवार को घर नहीं जाने दिया जाएगा। महाविकास अघाड़ी सरकार रहे या न रहे लेकिन शरद पवार के लिए ऐसी भाषा का उपयोग स्वीकार्य नहीं है। एकनाथ शिंदे खेमे में शिवसेना विधायकों की संख्या 50 को पार करने की उम्मीद है क्योंकि आज और विधायकों के गुवाहाटी पहुंचने की संभावना है। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है।

असम के गुवाहाटी में मौजूद शिंदे गुट के बागी विधायक संजय शिरसाट ने कहा कि पहले कई बार विधायकों ने उद्धव जी से कहा था कि कांग्रेस हो या दोनों ही शिवसेना को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। कई बार विधायकों ने उद्धव जी से मिलने के लिए समय मांगा लेकिन वे उनसे कभी नहीं मिले। यदि आप शिवसेना के किसी विधायक के निर्वाचन क्षेत्र को देखें तो तहसीलदार से लेकर राजस्व अधिकारी तक कोई भी अधिकारी विधायक के परामर्श से नियुक्त नहीं किया जाता है। यह बात हमने उद्धव जी को कई बार बताई लेकिन उन्होंने कभी इसका जवाब नहीं दिया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महाविद्यालय में योग विभाग द्वारा योग कार्यक्रम किया गया



**पत्रकार बीआर अहिरवार**


नर्मदापुरम।। मंगलवार को आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पर शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय नर्मदापुरम में योग विभाग द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन की उपस्थिति व मार्गदर्शन में प्रातः 6:20 बजे से कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय के सांस्कृतिक कक्ष में 6:30 बजे से 6:40 बजे तक माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश का व 6:40 से 7:10 तक माननीय प्रधानमंत्री जी के संदेश का सीधा प्रसारण छात्राओं को दिखाया गया। प्रातः 7:10 बजे से योग प्रशिक्षक श्री रघुवीर सिंह राजपूत द्वारा समस्त स्टाफ व छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप स्वस्थ और सुखी जीवन जीना चाहते हैं तो योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना होगा साथ ही स्वयं को स्वस्थ शांतिप्रिय आनंद पूर्वक प्रेम पूर्वक मानव बनाने हेतु समस्त स्टाफ व छात्राओं को शपथ दिला कर संकल्प पत्र भरवाए गए। तदोपरांत विगत 16.06 2022 से 20.06.2022 तक आयोजित पांच दिवसीय योगाभ्यास शिविर की छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ श्रीमती किरण पगारे, डॉ पुष्पा दुबे, डॉ श्रीकांत दुबे, डॉ रश्मि श्रीवास्तव, डॉ संगीता अहिरवार एनसीसी एनएसएस प्रभारी तथा छात्राएं उपस्थित रहीं। योग विभाग प्रभारी डॉ.संध्या राय द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया।



### जाकिया जाफरी को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका,

# पीएम मोदी को क्लीन चिट देने के खिलाफ दाखिल की थी याचिका

**नई दिल्ली।** गुजरात दंगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट देने वाली एसआईटी की रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया है। इस रिपोर्ट के खिलाफ याचिका दाखिल करने वाली जाकिया जाफरी को कोर्ट ने शुक्रवार को तगड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने उनकी याचिका को



खारिज कर दिया है। दरअसल, 2002 में हुए दंगों की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई थी। इस एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी समेत 64 लोगों को क्लीन चिट दी थी। इसके खिलाफ जाकिया जाफरी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जकिया के पति और कांग्रेस नेता एहसान जाफरी की 28 फरवरी 2002 को अहमदाबाद की गुलबर्ग सोसायटी में हिंसा के दौरान मौत हो गई थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने फैसला रखा था सुरक्षित**

जाकिया जाफरी की याचिका पर मैराथन सुनवाई पूरी करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने नौ दिसंबर, 2021 को इस मामले में सुनवाई पूरी कर ली थी। अब जस्टिस एएम खानविलकर, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने इस मामले में सुनवाई पूरी की।

याचिका के खिलाफ एसआईटी की दलील

याचिका के खिलाफ गुजरात दंगों की जांच करने वाले विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि हमारी जांच पर किसी ने उंगली नहीं उठाई सिवाय उस याचिका के जो जाकिया जाफरी ने दायर की है। जाफरी ने अपनी याचिका में राज्य में हुई इस हिंसा में बड़ी साजिश होने का आरोप लगाया है। इस याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान रोहतगी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि जकिया जाफरी ने लगभग 12 हजार पन्नों की विरोध याचिका दायर की है और इसे शिकायत मानने के लिए कहा है। रोहतगी ने कहा था कि ऐसा करके जकिया इस मामले को गर्म रखना चाहती हैं और यह एक दुर्भावनापूर्ण संकेत है।

# केसला और सोहागपुर में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्ना कराएं निर्वाचन

**नर्मदापुरम।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 के तहत जिले की दो जनपद केसला और सोहागपुर में 25 जून को निर्वाचन होने जा रहा है। दोनों जनपदों में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डा गुरकरण सिंह ने गुरुवार को केसला एवं सोहागपुर में सभी सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि सेक्टर अधिकारी मतदान से लेकर मतगणना तक सभी प्रक्रियाएं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्ना कराएं। सेक्टर अधिकारी पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्य करें। किसी भी स्तर पर कोताही ना बरतें। लापरवाही की स्थिति में संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने तक मतदान दल निर्धारित मुख्यालयध् मतदान केंद्र पर ही रहे। उन्होंने कहा कि पंचायत निर्वाचन में मतगणना मतदान केंद्र पर ही मतदान के तुरंत पश्चात की जाना है। ऐसे में सभी सेक्टर अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनको आवंटित मतदान केंद्रों पर निर्धारित समय पर मतदान एवं मतगणना संपन्ना हो सके। कलेक्टर ने कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराएं। उल्लंघन की दशा में संबंधित के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर



पुलिस अधिकारी अपने.अपने क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

**सामग्री का किया जाएगा वितरण**

शुक्रवार प्रातः 7 बजे से सामग्री वितरण की कार्रवाई की जाना हैं। मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री प्राप्ति के लिए परेशान ना होना पड़े। सभी मतदान दल सुरक्षा बल के साथ समय पर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किए जाए। सेक्टर अधिकारी मतदान दल के केंद्र पहुंचने से पूर्व वहां के स्थानीय अमले के माध्यम से केंद्र पर बिजली, पेट्रोमैक्स, बैठक के लिए टेबल कुर्सी, भोजन इत्यादि सभी व्यवस्थाएं करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत मिलने पर त्वरित रिस्पांस करें तथा उनका निराकरण कराएं । उन्होंने कहा कि सामग्री वापसी की कार्रवाई भी व्यवस्थित ढंग से की जाए। सेक्टर अधिकारी अपने मतदान दल के साथ निरंतर संपर्क में रहें। पुलिस अधीक्षक सिंह ने सभी सेक्टर पुलिस अधिकारियों एवं सेक्टर अधिकारीयों को बेहतर समन्वय से निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्ना कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस आफिसर निरंतर संपर्क में रहें। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने केसला एवं सोहागपुर में सामग्री वितरण स्थल पर भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# मढ़ई देनवा किनारे बच्चों ने किया योग

**सोहागपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मढ़ई में देनवा बैक वाटर के किनारे बच्चों ने योगाभ्यास किया। मढ़ई में मंगलवार को योग शिक्षक राम नरेश सिंह एवं संचित जैन ने योग कराया। इस कार्यक्रम में जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के एनसीसीए एनएसएस के साथ ही स्कूल कालेज के विद्यार्थियों, टूरिस्ट गाइडए होटल कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मढ़ई एसडीओ सन्देश माहेश्वरी जनपद सीईओ राम सोनी, वन परिक्षेत्र अधिकारी बागरा बफर विजय कुमार वारस्कार, डिप्टी रेंजर एलएस पटेल एवं वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित हुए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के पत्र अनुसार योग दिवस का कार्यक्रम किसी प्राचीन स्थल, पर्यटन स्थल, झील, तालाब, सरोवर के किनारे जंगल आदि स्थानों पर कराने के निर्देश थे। उधर नगर में नगर परिषद के द्वारा स्थानीय मंगल भवन में योग का कार्यक्रम जितेंद्र बैरागी ने कराया। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी अखिल राठौर, सीएमओ दीपक रानवे साहब, उपयंत्री आरजी चौबे, संजय परसाई जनपद पंचायत, शिक्षा विभागए नगर परिषद के कर्मचारी के साथ ही एनसीसी के छात्र भी उपस्थित रहे।

# विदिशा और गंजबासौदा की 193 पंचायतों में प्रतिनिधि चुनने कल होगा मतदान

**विदिशा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में कल शनिवार को विदिशा जनपद की 92 और गंजबासौदा जनपद की 101 यानी कुल 193 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा। सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक होने वाले मतदान में मतदाता पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान करेंगे। मतदान कराने के लिए मतदान दल आज शुक्रवार को मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव ने बताया कि पहले चरण के मतदान की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सुबह विदिशा जनपद के तहत आने वाली पंचायतों में चुनाव कराने के लिए मतदान दलों को गर्ल्स कालेज से रवाना किया जाएगा। वहीं गंजबासौदा जनपद क्षेत्र में चुनाव कराने के लिए मतदान दल संजय गांधी स्मृति कालेज से रवाना किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं और आचार संहिता का पालन कराने के लिए विदिशा



विकासखंड में 21 और गंजबासौदा में 33 सेक्टर आफिसर नियुक्त किए गए हैं।

**विदिशा में 56 केंद्र संवेदनशील**

विदिशा जनपद पंचायत अंतर्गत 92 ग्राम पंचायतों में चुनाव के लिए 240 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, इनमें सामान्य 177, संवेदनशील 56 तथाअतिसंवेदनशील 7 मतदान केन्द्र शामिल है। जनपद क्षेत्र में कुल एक लाख 18 हजार 231 मतदाता अपने मतो का प्रयोग करेंगे, जिसमें पुरूष 62035, महिला 56194 शामिल है।

# रंगोली बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक

**सिवनीमालवा।** शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनीमालवा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान मतदाता को जागरूक करने के प्रचार प्रसार के संबंध में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य आर के रघुवंशी ने छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम प्रभारी जया कैथवास ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में रुचि के साथ भाग लिया तथा रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राधिका जैसवाल बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान शालिनी गौर, बीकाम द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान महिमा भलावी बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। प्राचार्य के द्वारा सभी विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम में अशोक यादव, योगेश खंडेलवाल, अनुराग पथक, आरती पडियार, रश्मि सोनी, विजयश्री मालवीय, सुमन यादव, श्वेता धाकड़ और महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्हों का आवंटन किया

**सिवनीमालवा।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2022 पार्षद पद के लिए नाम वापसी के बाद स्थानीय जनपद सभागृह में अभ्यर्थियों एवं उनके प्रस्तावक की बैठक रिटर्निंग अधिकारी नगरीय निकाय अनिल कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्ना हुई। जिसमें वार्ड वार अभ्यार्थियों को प्रतीक चिन्हों का आवंटन किया गया तथा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के बारे में बताए गया। बैठक में लेखा अधिकारी आय व्यय लोक नारायण पटले द्वारा समस्त अभ्यार्थियों को बताया गया कि दैनिक खर्च पेट्रोल डीजल बैनर पोस्टर के खर्च के लिए विधिवत रजिस्टर संधारण करें तथा खाते में राशि आने का भी स्रोत बताना होगा। अभ्यार्थियों द्वारा 5000 से ज्यादा नकद भुगतान नहीं करना होगा चेक के माध्यम से भुगतान किया जाएगा, लेखा अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अभ्यार्थियों की शंकाओं को दूर किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हाई स्कूल में हुआ योग

**सिवनीमालवा।** आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो संदेशावाचन के पश्चात योगिक क्रियाएं, सूर्य नमस्कार सहित विविध क्रियाओं का योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संबोधन में एसडीएम अनिल कुमार जैन द्वारा दैनिक जीवन में योगिक योगिक क्रियाओं को नियमित रूप से करने के लिए प्रोत्साहित किया। तहसीलदार द्वारा जीवन को सशक्त बनाने के लिए



प्रतिदिन प्राणायाम व योगासन करने का मार्गदर्शन दिया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह रघुवंशी ने शिक्षकों को वह छात्रों को प्रतिदिन योग क्रियाओं को अपनाने के लिए संबोधित किया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनिल कुमार जैन, तहसीलदार पुष्पेंद्र कुमार निगम, सीएमओ राकेश मिश्रा, श्याम सिंह रघुवंशी, उत्कृष्ट विद्यालय प्रभारी प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाटिल, घनश्याम सिंह रघुवंशी, योग गाइड सुनील कुमार यादव सहित विकासखंड सिवनीमालवा के शहरी क्षेत्र की संस्थाओं के प्राचार्य, संस्था प्रमुख एवं शिक्षक सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। सीएमओ राकेश मिश्रा द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी की सहभागिता पर आभार माना।

# संत हिरदाराम नगर में निर्दलीय उम्मीदवार दिखा रहे हैं जोश, वार्ड 4 में रोचक मुकाबला

**संत हिरदाराम नगर।** नगर निगम चुनाव शुरू होते ही बैरागढ़ में चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है। संत हिरदाराम नगर जोन क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार भी जोश दिखा रहे हैं। भाजपा के कुछ बागी अब भी मैदान में डटे हैं। बैरागढ़ जोन में वार्ड क्रमांक एक दो, तीन, चार एवं पांच आते हैं। वार्ड क्रमांक 6 पहले बैरागढ़ जोन का हिस्सा था। बाद में इसे जोन क्रमांक 2 में शामिल कर दिया गया था। लेकिन राजनीतिक दृष्टिकोण से इसे अभी बैरागढ़ जोन का वार्ड ही माना जाता है। वार्ड गांधीनगर में कांग्रेस के लक्ष्मण राजपूत का मुकाबला भाजपा की राधिका सिंह से है यहां से दोनों पार्टियों का प्रचार तेज हो गया है इस वार्ड में कुछ निर्णय ले भी मैदान में है। वार्ड 2 में कांग्रेस की शीलेंद्र सोनू तोमरर का मुकाबला



भाजपा की कुसुम चतुर्वेदी से है। इस वार्ड से निर्दलीयों का अस्तित्व नहीं है। वार्ड 3 में करिश्मा मारन ओर रेणु मारन के बीच सीधा मुकाबला है।

**वार्ड 4 में रोचक हुआ मुकाबला**

बैरागढ़ के मध्य में स्थित वार्ड 4 में इस बार सबसे रोचक मुकाबला हो रहा है। यहां से कांग्रेस ने मधु चांदवानी को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की ओर से पूर्व जोन अध्यक्ष राजेश हिंगोरानी मैदान में है। हिंगोरानी को भितरघात का खतरा सता रहा है। इस वार्ड से भाजपा के बागी हरीश बिनवानी निर्दलीय के रूप में मैदान में है। वही कपड़ा संघ के अध्यक्ष कन्हैया इसरानी भी हिंगोरानी के लिए खतरा बने हुए हैं। इसरानी के साथ युवाओं की टीम काम कर रही है। कांग्रेस नेता किशोर साधवानी सिलाई मशीन चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में हैं। उनके साथ भी युवाओं की टीम है। वार्ड पांच में राहुल राजपूत और अशोक मारन के बीच सीधा मुकाबला है। यहां से भाजपा के बागी संतोष यादव मैदान में है।वार्ड 6 से कांग्रेस की दीपा यादव का मुकाबला भाजपा की ज्योति यादव से है। भाजपा की बैठक में प्रभारियों की नियुक्ति की गई। राजेश बेलानी को मीडिया प्रभार दिया गया है। महेश खटवानी निर्वाचन का काम देखेंगे। कांग्रेस ने भी अधिकांश वार्डों में चुनाव कार्यालय खोल लिया है। अब चुनाव प्रचार गति पकड़ने लगा है।

## जब चुनाव के दिन आते हैं



छू लेने से जिनको नहाते थे,
आज उनके घर खाते हैं।
होता है हर बार यही
जब चुनाव के दिनआते हैं।
मंदिर की सीढ़ी चढ़ने से
जिनको रोका जाता है,
फिर उन्ही के पांव
गंगाजल से धुलाते हैं।
जब चुनाव के दिन आते हैं।
पावन होजाता है मतदाता
फिर दिन-रात शीष झुकाते हैं।
जब चुनाव के दिन आते हैं।
हर कोई अपना लगता है
एक दिन को जात-धर्म
सब भूल जाते हैं।
जब चुनाव के दिन आते हैं।
कोई देता पैसा, कोई बांटता दारू
जो न लेता कुछ भी
उससे रहते मार-पीट मे उतारू।
थाना-पुलिस ,कोर्ट-कचहरी,
के नाम पर धमकाते हैं।
जब चुनाव के दिन आते हैं।
कोई बागी,कोई दागी,कोई हत्यारा,
लोकतंत्र में है सब प्यारा।
जनता देखती लाठी जिसकी
भैंस उसीकी चराने लगजाती हैं
जब चुनाव के दिन आते हैं।
लोकतंत्र के मंदिर में जाने को
हर कोई ताक लगाए बैठा है
छल से ,बल से ,कल से घात
लगाए बैठा है।
बडी घोषणा, वादे बड़े करजाते
जब चुनाव के दिन आते हैं।

**प्रकाश प्रियतम**

# सीएफएल सेंटर मनेंद्रगढ़ द्वारा मनेंद्रगढ़ एवं खड़गांव ब्लॉक में हुए वित्तीय साक्षरता के कैंप





**मनेंद्रगढ़।** विकासखंड मनेंद्रगढ़ और खड़गवा के ग्राम पंचायत मुशरा (,मनेंद्रगढ़) और बरदर मे (खड़गवा ) मे एक दिवशीय बीमा कैम्प का आयोजन किया गया समर्पित गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक अनुसंधान केंद्र बिलासपुर (छ. ग.) द्वारा संचालित सी.एफ.एल कॉर्डिनेटर संजीव कुमार, खड़गवा काउंसलर परसराम साहू के नेत्रत्व मे बीमा कैंप लगाया गया कैम्प मे विहान्र समूह के निर्मला, विमला और ग्राम सेवक, ग्राम कोतवाल एवं ग्रामीण वासी उपस्थित रहे जिसमे सी.एफ.एल स्टॉप ने उपस्थित ग्रामीण वाशियो को बैंक से संबधित जानकारियां दी जिसमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, प्रधानमंत्री सुरक्ष बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, खाता खोलना ,फ्रॉड काल, मैसेज लिंक, लाटरी इत्यादि बेचने से संबंधित जानकारियां दी गयी साथ ही 17 प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, 20 सुरक्ष बीमा योजना, 25 के. वाय. सी करवाया गया! एक दिवशीय बीमा कैम्प ग्रामीण वाशियो के सहयोग से सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ ग्राम पंचायत मुशरा और बरदर मे कैम्प के आयोजन से ग्राम वाशियो को काफी जानकारी व लाभ पहुची जिन वक्तियो का बीमा नही हुआ था उन्होंने कैम्प मे आकर बीमा करवाया कई लोगों की समस्या थी उसे भी सुलझाया गया!

# योग नाटिका का मंचन



**सिहोरा जबलपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत योग दिवस पर प्रोटोकॉल का अनुशरण करते हुए महिला पतंजलि सिहोरा जबलपुर व स्वसेवा संयोजन समिति सिहोरा जबलपुर के तत्वावधान में योगदिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें बुंदेली भाषा में एक शिक्षाप्रद संवाद नाटिका ,,,प्रस्तुति ,,,इसमें डॉ, सुषमावीरेंद्र खरे बुंदेली भाषा में अपने सवाल करती हैं और योग के प्रति अपनी अभिरुचि जताती हैं । कवि संगम त्रिपाठी ने बताया कि सुषमा खरे जी 8 वर्षों से लगातार योग के लिए अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक कर रही हैं व लोगों को निरोगी काया के विषय में शिक्षित कर रही है। सुषमा खरे महिला पतंजलि योग समिति की तहसील अध्यक्ष के पद कार्यरत है और अपना कार्यभार बखूबी निभा रही हैं। सुषमा खरे जी साहित्यिक सांस्कृतिक व सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए प्रेरणादायक कार्य कर रही है।

# बोधिसत्व बाबा साहेब टुडे मासिक पत्रिका स्थापना दिवस एवं साहित्यिक सम्मेलन



**भोपाल।** बोधिसत्व बाबा साहेब टुडे मासिक पत्रिका का स्थापना दिवस के अवसर पर साहित्यिक सम्मेलन का आयोजन 19/602022 दिन रविवार को के उद्यान प्रेक्षागृह उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्यान भवन 2 सप्रू मार्ग,समय प्रातः 10 बजे ,से सायं 4 बजे तक , लखनऊ ,उत्तर प्रदेश मे किया गया। उक्त आयोजन में देश के अनेकों प्रदेशों के साहित्यिक गतिविधियों मे सक्रिय कवियो, कलमकारों, रचनाकारों, साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया था। उक्त आयोजन में छत्तीसगढ़ के डॉ जी सी भारद्वाज ,बी पी टोडर, जलेश्वरी गेंदले, हरीश पांडल,प्रदीप बंजारे भी आमंत्रित किए गए थे। उक्त आयोजन के उद्घाटन कर्ताः न्यायमूर्ति खेमकरन, पूर्व न्यायाधीश इलाहाबाद, हाईकोर्ट अध्यक्षता राम रतन प्रसाद पूर्व सहायक निदेशक रेशम विभाग मुख्य अतिथि श्रद्धेय- सुखालाल भारती (आई ए एस) मुख्य वक्ता डॉ,बी पी अशोक (पी पी एस संचालन- नानक चंद्र , ब्यूरो चीफ आयोजकज्ञान प्रकाश जख्मी जीसंपादक,प्रकाशक (बोधिसत्व बाबा साहेब टुडे पत्रिका) इस आयोजन में मुझे डॉ बी आर अंबेडकर साहित्य सृजन सम्मान से नवाजा गया।

# किताब की जगह हाथ में कचरे की बोरी, ध्यान कबाड़ की ढेर पर

**कोरबा।** पिछले दो साल से कोरोना महामारी और लाकडाउन के चलते बंद स्कूल ने घूमंतू और कचरा उठाने वाले बच्चों की संख्या बढ़ा दी है। ऐसे बच्चों को कंधे में बोरा लटकाए व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के आसपास कचरा तलाशते देखा जा सकता है। नए सत्र के लिए स्कूलों में प्रवेश उत्सव चल रहा है। कोरोना काल से पहले इन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए शिक्षकों की टीम गठित की जाती थी, जो इस बार नहीं की गई है। परिणाम स्वरूप अटल आवास और श्रमिक बस्तियों में रहने वाले अधिकांश बच्चे विद्यालय के अध्यापन से दूर होते जा रहे हैं। हाथ में किताबों की जगह कचरे की बोरी और ध्यान पढ़ाई की जगह कबाड़ की ढेर पर, यही पहचान रह गई है अटल आवास और श्रमिक बाहुल्य बस्ती के बच्चों की। कोरोना महामारी और लाकडाउन की मार से उपजे आर्थिक संकट ने श्रमिकों की कमर तोड़ कर रख दी है।

विषय :-"पिता का साथ "
विधा :-कविता
" पिता का साथ"



""""""""""""""""""""""""""""""""""

पिता का साथ हर पल होता,
तभी तो पुत्र नेक राह पर चलता,
पिता ही वो शख्स है जो,
पुत्र का भविष्य है गढ़ता,
खुद तो भूखा सोकर,
बच्चों का है पेट ये भरता,
खुद काँटो की सेज सजा कर,
बच्चों को ये फूल है चुनंता,
खुद के लिए कुछ नहीं किया,
बच्चों पे जी जाँ से मरता,
सारा जीवन कमा- कमा कर,
बच्चों पर है ये लुटाता,
पिता का साथ होने पर,
बच्चा खुद को महफूज समझता,
पिता कभी भी बच्चों में समझो,
कोई भेदभाव नहीं है करता,
बच्चे पिता से ही डरते हरदम,
ये डर ही उन्हें अनुशासित करता,
अंतिम साँसे चलने पर भी,
पिता बच्चों को ही याद करता ....

:- रामेश्वर प्रसाद मेहर

# सामाजिक आयोजन में 150 आदिवासियों ने खाया बकरा-भात, 18 बीमार



**कोरबा।** एक सामाजिक समारोह महुआ तिहार में बकरा-भात खाने से 18 ग्रामीण बीमार हो गए हैं। इसक सूचना मिलने पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ स्वास्थ्य अमले के साथ गांव पहुंचे और शिविर लगा कर जांच की गई। उल्टी दस्त से पीड़ित मरीजों को उपचार के लिए सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। विकास खंड के अंतर्गत आने वाले आमाटिकरा गांव के देवमट्टी मोहल्ला में निवासरत गुलाब मरकाम के घर बकरा-भात का आयोजन सोमवार को किया था। इस दौरान आठ बकरा काटा गया था। इसमें करीब 150 गो? आदिवासी शामिल हुए थे। जिसमें कोरबा का अलावा कोरिया जिला के सीमावर्ती गांव के भी ग्रामीण थे। बताया जा रहा है कि समारोह के दौरान बकरा- भात भी ग्रामीणों को परोसा गया था। जिसके सेवन से ग्रामीणों को उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। धनवार व यादव मोहल्ला में रहने वाले ग्रामीण पर इसका असर पहले हुआ। देखते ही देखते कई ग्रामीण इसकी चपेट में आ गए। गांव के सरपंच पति बाबूलाल को इससे अवगत कराया गया और उसके बाद क्षेत्र केविधायक मोहितराम केरकेट्टा को इसकी जानकारी दी गई। गुरूवार को सीएमएचओ डा बीबी बोर्डे व पो?उपरो?ा एसडीएम नंदजी पांडेय स्वास्थ्य कर्मियों की टीम के साथ आमाटिकरा गांव पहुंचे।

यहां स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। गांव के लोगों को खानपान में सावधानी बरतने व वर्षाकाल की वजह से जनजानित बीमारियों से अवगत कराया। जांच के दौरान उल्टी दस्त होने की वजह से आठ ग्रामीणों को जटगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एंबुलेंस से भेजा गया। वहीं आठ अन्य ग्रामीणों को पो?ाउपरो?ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। एक चार साल के बच्चे को कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष केयर यूनिट में रखा गया है। चिकित्सकों ने सभी की हालत खतरे से बाहर बताया है।

# सरकार तुंहर द्वार शिविर में 100 लोगों का बना लर्निंग लाइसेंस



**कोरबा।** कलेक्टर रानू साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम के तहत घुड़देवा में आयोजित वृहद समाधान शिविर में 100 लोगों का लर्निंग ड्रायविंग लाइसेंस बनाया गया। परिवहन विभाग द्वारा पूरी तकनीकी टीम एवं आवश्यक उपकरणों के साथ अधिकारी-कर्मचारी शिविर स्थल में मौजूद रहकर लाइसेंस के लिए आए आवेदनों पर कार्रवाई किए। प्राप्त आवेदनों के आधार पर मौके पर ही ड्रायविंग लाइसेंस बनाया गया। ड्रायविंग लाइसेंस की जरूरत न केवल वाहन चलाने के लिए जरूरी है वरन विभिन्ना अवसरों व स्थानों पर यह एक वैध पहचान पत्र के रूप में पूरे देश में मान्य हैं। लर्निंग लाइसेंस बिना आरटीओ दफ्तर जाए गांव में ही चंद घण्टों में मिल जाए तो बड़ी राहत मिलती है। परिवहन विभाग ने पूरे अमले के साथ रजिस्ट्रेशन, वेरिफिकेशन ,एप्रूवल जैसे कागजी प्रक्रियाओं को पूरा कर शिविर स्थल पर ही 100 लोगों को अस्थाई (लर्निंग)लाइसेंस प्रदान किया। समाधान शिविर में सुमेधा निवासी प्रकाश कुमार चौहान, जमनीपाली निवासी राम केंवट, सलिहाभांठा निवासी राजकुमार यादव, बांधापारा बांकीमोंगरा निवासी प्रभा एवं मनीषा सिंह भी लाभांवित हुए। इन्हे कोरबा आरटीओ दफ्तर जाए बगैर लर्निंग लाइसेंस मिल गया। लर्निंग लाइसेंस बनवाने आये युवकों ने बताया कि जिला मुख्यालय दूर होने और समय के अभाव में अभी तक ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बनवा पाये थे। जिला प्रशासन द्वारा घुडदेवा में आयोजित शिविर में लाइसेंस बनने की जानकारी मिलने पर शिविर में आकर लर्निंग लायसेंस के लिए आवेदन किये। परिवहन विभाग के स्टाल में लाइसेंस बनाने के लिए आवश्यक कर्मचारी और कंप्यूटर आदि तकनीकी चीजों की व्यवस्था की गई थी। आवेदन देने के कुछ घंटे के भीतर लर्निंग लाइसेंस बनाकर दे दिया गया।

### संपादकीय

## जीवन की सार्थकता लोक कल्याण के भाव से जीने में : राज्यपाल श्री पटेल



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जीवन की सार्थकता लोक कल्याण के भाव से जीने में है। मानव को दूसरों के दुख-दर्द समझने और सहयोग करने की विशेष क्षमता मिली हैं। साथ ही संवाद करने की अद्भुत शक्ति और मदद का हाथ बढ़ाने की क्षमता दी गई है। उन्होंने कहा कि समाज के शिक्षित वर्ग का यह दायित्व है कि वह समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों का सहयोग कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल कराएं। राज्यपाल एवं कुलाध्यक्ष श्री पटेल एल.एन.सी.टी. विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वर्ण पदक, पी.एच.डी. प्राप्तकर्ताओं को पुरस्कृत किया। राज्यपाल ने सिने अभिनेता श्री सुमन तलवार और समाज सेवी श्री संजीव कुमार को मानद उपाधि से सम्मानित किया। समाज सेवी श्री राज किशोर चौरसिया का अभिनंदन किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सेवा और सहयोग के लिए साधनों की नहीं सोच की जरूरत होती है। वंचित वर्गों के बच्चों को स्कूल में पढ़ाए गए विषयों के अभ्यास में सहयोग कर उनकी शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। इसके लिए किसी साधन की नहीं दिनचर्या से मात्र एक घंटा समय निकालने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि किसी का सहयोग करने से जो आत्म-संतुष्टि मिलेगी, वह अतुलनीय और आनंददायी होगी। उन्होंने कहा कि कार्य को उत्तरदायित्व के साथ करना सफलता का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से दीक्षांत शपथ का पालन प्रतिदिन करने की अपेक्षा की। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि पीड़ित व्यक्तियों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, योग करने और आहार का ध्यान रखने पर बल देते हुए कहा कि जो रूचे वह नहीं, जो पचे वह आहार लेना चाहिए। निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री भरत शरण सिंह ने कहा कि दीक्षा जीवन की शिक्षा का प्रारंभ है। वर्तमान युग विषय-विशेषज्ञता का है। इसलिए निरंतर ज्ञान की प्राप्ति आवश्यक है। महर्षि दधीचि ने मानवता के कल्याण के लिए अपना शरीर दान कर दिया था। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वह अपनी जड़ों को प्राप्त ज्ञान और प्रतिभा से सिंचित करते रहें। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे.एन. चौकसे ने कहा कि अच्छा व्यक्ति बनने में जीवन की सार्थकता है। अच्छा व्यक्ति हर परिस्थिति में अच्छा और सफल होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वह पालकों, शिक्षकों का सदैव स्मरण करें। उनके प्रति सदैव आभारी रहें। अपनी अंतरात्मा की आवाज पर कार्य करें। सदैव सीखने और सुनने के लिए तत्पर रहें और स्वयं के प्रति सच्चे रहें।

# औषधीय पौधों की खेती करना समयानुकूल - मुख्यमंत्री चौहान

*आयुर्वेदिक उत्पादों से जुड़ी कम्पनियों की माँग के अनुसार प्रदेश में औषधीय पौधों की खेती को प्रोत्साहित करें। किसानों को भी प्र-संस्करण प्रक्रिया से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय पर देवारण्य योजना की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी तथा खाद्य प्र-संस्करण श्री जे.एन. कंसोटिया, प्रमुख सचिव वन श्री अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव आयुष श्री प्रतीक हजेला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव कृषि श्री अजीत केसरी बैठक में वर्चुअली सम्मिलित हुए। देवारण्य योजना का क्रियान्वयन वन विभाग के साथ कृषि, उद्यानिकी, आयुष और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है।*



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि औषधीय पौधों की खेती, किसानों के लिए लाभदायक है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों और स्वास्थ्यगत आवश्यकताओं के परिणामस्वरूप जड़ी-बूटियों का महत्व और उनकी माँग बढ़ी है। औषधीय पौधों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित देवारण्य योजना समयानुकूल है। प्रदेश में इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त और सक्षम स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से कृषकों को चिन्हित किया जाए। किसानों को आवश्यक प्रशिक्षण, क्षमता विकास और उत्पादों की बिक्री के लिए सही मार्केट लिंकेज स्थापित करने की व्यवस्था की जाए। आयुर्वेदिक उत्पादों से जुड़ी कम्पनियों की माँग के अनुसार प्रदेश में औषधीय पौधों की खेती को प्रोत्साहित करें। किसानों को भी प्र-संस्करण प्रक्रिया से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय पर देवारण्य योजना की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी तथा खाद्य प्र-संस्करण श्री जे.एन. कंसोटिया, प्रमुख सचिव वन श्री अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव आयुष श्री प्रतीक हजेला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव कृषि श्री अजीत केसरी बैठक में वर्चुअली सम्मिलित हुए। देवारण्य योजना का क्रियान्वयन वन विभाग के साथ कृषि, उद्यानिकी, आयुष और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। जानकारी दी गई कि प्रारंभिक रूप से योजना का क्रियान्वयन अनूपपुर, नर्मदापुरम, सतना, झाबुआ, डिण्डौरी, बैतूल और सीहोर में किया जा रहा है। अनूपपुर में लेमनग्रास और पॉमारोज़ा, नर्मदापुरम में शतावरी, स्टीविया, मोरिंगा, टुकुमारी और लेमनग्रास से संबंधित परियोजनाओं के क्रियान्वयन की योजना है। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रदेश के 21 विकासखंड के 132 स्व-सहायता समूहों द्वारा औषधीय पौधों की फसल ली जा रही है। धार, झाबुआ, मंडला, अनूपपुर, उमरिया, सीहोर, अलीराजपुर और श्योपुर में आँवला, सुरजना, अश्वगंधा, सफेद मूसली, इसबगोल और स्टीविया की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। औषधीय पौधों की मार्केट लिंकेज के लिए डाबर, महर्षि आयुर्वेद, ओमनी एक्टिव, बोटेनिक हेल्थ, नेचुरल रिमेडिस, सिपला और इमामी जैसी कम्पनियों से सम्पर्क किया गया है। कृषकों के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान केन्द्रों से उच्च गुणवत्ता के पौधे तैयार करने, फेसिलिटेशन केन्द्र से बीज और उत्पाद टेस्टिंग की व्यवस्था तथा पौधों की खेती, औषधियों के विदोहन, प्र-संस्करण, भंडारण, पेकेजिंग और विपणन का प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बरगद, करंज और मौलश्री के पौधे रोपे

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह ने स्मार्ट सिटी उद्यान में समाचार-पत्र नवदुनिया



भोपाल के स्थानीय संपादक श्री संजय मिश्रा, स्टेट ब्यूरो चीफ श्री धनंजय प्रताप सिंह तथा विमेन्स पॉवर जन-कल्याण समिति के सदस्यों के साथ बरगद, करंज और मौलश्री के पौधे रोपे। समिति की सदस्य श्रीमती चंचल सिंह राजपूत, श्रीमती रीना सोनी, श्रीमती अभिलाषा शर्मा, श्रीमती मनीषा राठौर, सुश्री दीपशिखा श्रीवास्तव तथा श्रीमती मोना श्रीवास्तव पौध-रोपण में सम्मिलित हुईं। समिति द्वारा परिवार के सदस्यों और मित्रों के जन्म-दिवस, विवाह वर्षगाँठ और पुण्य-स्मरण में पौध-रोपण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करती है। सफाई अभियान और वर्षा ऋतु में विशेष रूप से वृक्षा-रोपण किया जाता है। पर्यावरण-संरक्षण के लिए अमानक स्तर की पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध नगर निगम द्वारा चलाए गए अभियान में भी समिति सहयोग कर रही है।

#### पौधों का महत्व

आज लगाए गए पौधों में बरगद का धार्मिक महत्व है। साथ ही आयुर्वेद के अनुसार बरगद के पेड़ से कई बीमारियों का इलाज संभव है। करंज आयुर्वेदिक चिकित्सा में महत्वपूर्ण माना गया है। इसका उपयोग धार्मिक कार्यों में भी किया जाता है। मौलश्री एक औषधीय वृक्ष है, इसका सदियों से आयुर्वेद में उपयोग होता आ रहा है। इसके चमकीले हरे पत्ते, वृक्ष की सुन्दर बनावट मन को मोह लेती है।

## टीकाकरण की गति नहीं बढ़ाई तो हजारों टीके हो जाएंगे खराब

**इंदौर।** एक तरफ तो शहरवासी कोरोना टीका लगवाने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते हजारों टीके खराब होने की कगार पर पहुंच गए हैं। टीकाकरण की वर्तमान गति जारी रही तो जिला स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद टीके की एक लाख 10 हजार खुराक में से ज्यादातर अगले दो महीने में बरबाद हो जाएगी। अगले दो महीने में इन टीकों की एक्सपायरी तारीख आ जाएगी।

गौरतलब है कि जिले में अब भी हजारों की संख्या में लोग हैं जिन्होंने कोरोना के दोनों टीके अब तक नहीं लगवाए हैं। वर्तमान में जिले में कुछ सौ टीके ही रोजाना लगाए जा रहे हैं। हालांकि निर्वाचन में लगे कर्मचारियों के लिए कोरोना के टीके लगवाना अनिवार्य करने के बाद इस संख्या में हल्की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन फिर भी यह बहुत ज्यादा नहीं है। इधर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने दावा किया कि आने वाले दो महीने में वे शहर में टीकाकरण अभियान को बढ़ावा देकर टीके खराब होने से बचा लेंगे। स्वास्थ्य विभाग के आंकडों के अनुसार, कोविशील्ड की 4650 खुराक 29 जून तक समाप्त हो जाएगी जबकि 38 हजार से अधिक खुराक जुलाई माह के




अंत तक खराब हो जाएगी। इसी तरह एक लाख 10 हजार 800 टीकों की एक्सपायरी तारीख 6 अगस्त है। जिला टीकाकरण नोडल अधिकारी डा. तरुण गुप्ता ने बताया कि हमारे पास वर्तमान में पौने दो लाख के लगभग टीके स्टाक में हैं। इनमें से 60 हजार कोवैक्सिन हैं जबकि शेष कोविशील्ड हैं। यह सही है कि कुछ टीकों की समाप्ति तारीख करीब है लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि एक्सपायरी तारीख से पहले इन टीकों का इस्तेमाल कर लिया जाएगा। 29 जून को समाप्त होने वाली 4650 खुराक उसके पहले ही इस्तेमाल कर ली जाएगी क्योंकि हम रोजाना एक हजार से ज्यादा टीके लगा रहे हैं। डा.गुप्ता ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सतर्कता डोज लगाने के उद्देश्य से विभाग घर-घर दस्तक अभियान भी चलाया जा रहा है।

## गुटखे के अवैध कारोबार और तस्करी में 1378 करोड़ से ज्यादा की जीएसटी वसूली का नोटिस

**इंदौर।** कोरोना के पहले लाकडाउन के दौरान 2020 में गुटखा-सिगरेट तस्करी का मामला डायरेक्टोरेट आफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआइ) और डायरेक्टोरेट जनरल आफ जीएसटी इंटेलीजेंस (डीजीजीआइ) ने पकड़ा था। इंदौर को केंद्र बनाकर चल रहे तस्करी के इस मामले में डीजीजीआइ ने टैक्स चोरी का हिसाब निकाल लिया है। गुटखा निर्माण कर रहे और अन्य प्रदेशों में उसकी तस्करी कर रहे 27 लोगों पर कुल 13 हजार 78 करोड़ 43 लाख 50 हजार 773 रुपये का टैक्स और पेनाल्टी लगाकर चुकाने का आदेश दिया गया है। मई-जून 2020 में डीजीजीआइ ने आपरेशन कर्क के तहत कार्रवाई की थी। लगातार जांच के बाद अब टैक्स चोरी का हिसाब निकालते हुए बकाया राशि जमा करवाने का नोटिस संबंधित पक्षों को दिया गया है। सबसे ज्यादा 600 करोड़ से ज्यादा की टैक्स वसूली इंदौर की ट्रिपल ए इंटरप्राइसेस नामक कंपनी पर निकाली गई है। विजय कुमार नायर इसके कर्ताधर्ता है। इसी के साथ विष्णु एसेंस पर 441 करोड़ रुपये की वसूली निकाली गई है।अशोक कुमार डागा और अमित बोथरा इसके संचालक है।




डीजीजीआइ ने इन सभी को अवैध रूप से गुटखा निर्माण वितरण का आरोपित बनाया है। इसके साथ बी अमहदाबाद और आनंद की कंपनियां पर भी सैकड़ों करोड़ की टैक्स चोरी निकाली गई है। उल्लेखनीय है कि आपरेशन कर्क में इससे पहले डीजीजीआइ सिगरेट तस्करी में भी 1900 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी पर डिमांड नोटिस जारी कर चुका है। इंदौर से सिगरेट और गुटखा निर्माण कर गुजरात और खासकर महाराष्ट्र भेजा जा रहा था। महाराष्ट्र में गुटखा प्रतिबंधित है ऐसे में वहां लाकडाउन और प्रतिबंध का फायदा उठाकर मनमानी कीमतों पर गुटखा बिकता था। डीआरआइ ने पहले गुटखा ले जा रही गाड़ी पकड़ी थी।

# रायसेन नपा के वार्ड क्रमांक 6, 8, 10 व 12 में सिर्फ भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी




**रायसेन।** नाम निर्देशन पत्र वापसी के तुरंत बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया शुरू की गई। भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों को तो उनकी पार्टी के चिन्ह दिए गए है, लेकिन निर्दलीय उम्मीदवारों को चिन्ह आवंटित करने में रिटर्निंग अधिकारी को काफी मशक्कत करना पड़ी। नपा के चार वार्डों 6,8, 10 व 12 में सिर्फ दो-दो प्रत्याशी भाजपा-कांग्रेस के बीच मुकाबला रहेगा। जिन निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव चिन्ह आवंटन के लिए एक समान अपनी पसंद के हिसाब से आवेदन भरे थे उनके चिन्ह एक समान पाए जाने पर जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे, एसडीएम एलके खरे, डाइट प्रभारी एके सिंह की मौजूदगी में लाटरी प्रणाली के तहत पर्ची डालकर चिन्ह आवंटित किए गए हैं। इनमें वार्ड क्रमांक दो, नौ व 13 अशोकनगर तजपुरा में यह प्रक्रिया पूरी की गई। वार्ड 2 की तस्वीर नाम वापसी के बाद साफ हुई। यहां अब असरीन जुबेर खान कांग्रेस, परवीन बी अमीन खान भाजपा के उम्मीदवार हैं। वहीं बसपा की फिरदौस जमा बबलू वाजिद खान चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा रीना रविशंकर पप्पू यादव ने भाजपा से फार्म जमा किया था। भाजपा ने परवीन बी को अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। रिजवाना जुबेर खान और प्रीति महेश यादव के बीच लाटरी प्रणाली से पर्ची डालकर चिन्ह दिया गया। इसमें रीना रविशंकर यादव निर्दलीय प्रत्याशी को चुनाव चिन्ह कैक, प्रीति महेश यादव को चुनाव चिन्ह कैंची, रिजवाना जुबेर खान को चुनाव चिन्ह सिलाई मशीन दिया है। वार्ड 9 में नाम वापसी के बाद 6 प्रत्याशी चुनाव में बचे हैं। कौशर जहां राजा खान कांग्रेस को चुनाव चिन्ह हाथ का पंजा, नीति दीपक पण्ड्या भाजपा कमल फूल चुनाव चिन्ह मिला है। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार योगिता राहुल परमार और भागवती निरंजन पप्पू कुशवाहा ने चुनाव चिन्ह सिलाई मशीन मांगा था। इनके बीच लाटरी से योगिता राहुल परमार को सिलाई मशीन, भागवती निरंजन कुशवाहा को चुनाव चिन्ह कैंची, श्रद्धा अंकुश चौरसिया को कैमरा, पुष्पा देवी रविशंकर राजू जोशी को चुनाव चिन्ह केक मिला है। इसी तरह वार्ड 13 में भी निर्दलीय प्रत्याशी दर्शना कौशल शाक्या व अरुण शेंडे के बीच लाटरी प्रणाली चुनाव चिन्ह आवंटित हुए। जिसमें निर्दलीय दर्शना कौशल शाक्या को चुनाव चिन्ह सेवफल व अरुण शेंडे को चुनाव चिन्ह कैमरा मिला है। इसमें वार्ड 13 से छोटू राय कांग्रेस हाथ का पंजा, सविता जमुना सेन भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार हैं। निर्दलीय उम्मीदवार दुर्गा प्रसाद सराठे को बरगद पेड़, रमा राजकुमार यादव को टेलीफोन, भानु प्रताप बबलू वर्मा को फलों से लदा नारियल का पेड़, अवधेश दीक्षित एडवोकेट निर्दलीय को केक चुनाव चिन्ह दिया गया है।

## रायसेन नपा में प्रत्याशियों को मिले चुनाव चिन्ह

वार्ड दो- असरीन जुबेर कांग्रेस हाथ का पंजा, फिरदोस जमा बसपा हाथी, परवीन अमीन भाजपा कमल का फूल, प्रीति महेश यादव निर्दलीय कैंची, रीना रविशंकर यादव निर्दलीय केक, रिजवाना जुबेर निर्दलीय सिलाई मशीन। वार्ड तीन से बेनीदेवी कुशवाहा भाजपा कमल का फूल, रवि यादव कांग्रेस हाथ का पंजा, हाजी अय्यूब निर्दलीय सिलाई मशीन। वार्ड चार से दीपक थोरात कांग्रेस हाथ का पंजा, वर्षा लोधी भाजपा कमल का फूल, निरंजन सिंह उर्फ पप्पू निर्दलीय सिलाई मशीन, विशाल कुशवाह ब्लैक बोर्ड। वार्ड पांच से किरण राजकिशोर सोनी कांग्रेस हाथ का पंजा, मीना राजेश चौरसिया भाजपा कमल का फूल, हिना कौसर निर्दलीय सिलाई मशीन। वार्ड छह से प्रभात चावला कांग्रेस हाथ का पंजा, विवेक लोहट भाजपा कमल का फूल। वार्ड सात से कल्पना पंकज कांकर भाजपा कमल का फूल, शमीम बी डग्गा पहलवान कांग्रेस हाथ का पंजा, राविया अकील इंडियन निर्दलीय केक। वार्ड आठ से असलम खां कांग्रेस हाथ का पंजा, वीरेंद्र कैलाश ठाकुर भाजपा कमल का फूल। वार्ड नौ से कौसर राजा खान कांग्रेस हाथ का पंजा, नीति दीपक पंडया भाजपा कमल का फूल, भागवती बाई निर्दलीय कैची, पुष्पादेवी जोशी निर्दलीय केक, श्रद्धा अंकुश चौरसिया निर्दलीय कैमरा, योगिता राहुल परमार सिलाई मशीन। वार्ड दस से प्रीति अखिलेश सोनी भाजपा कमल का फूल, प्रियंका मिथलेश श्रीवास कांग्रेस हाथ का पंजा। वार्ड 11 से नेहा आदित्य चावला भाजपा कमल का फूल, सविता सोदान सिंह कांग्रेस हाथ का पंजा, सारिका पंकज पंथी निर्दलीय केक। वार्ड 12 से गीता कमलेश चौधरी कांग्रेस हाथ का पंजा, मीना दीपेंद्र सिंह कुशवाह भाजपा कमल का फूल।

# सांची स्तूप परिसर में तीन हजार लोगों ने किया सामूहिक योग



**रायसेन।** विश्व संरक्षित धरोहर सांची स्तूप परिसर में मंगलवार को सुबह 7 बजे विश्व योग दिवस पर तीन हजार से अधिक लोगों ने सामूहिक रूप से योग किया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के राज्य मंत्री भानू प्रताप सिंह शामिल हुए। विशेष उन्होंने योग सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन विधा योग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया में स्थापित किया है। आज विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। आज योग पूरे विश्व को निरोग करने का काम कर रहा है। सभी को प्रतिदिन समय निकालकर योग जरूर करना चाहिए। यदि शरीर स्वस्थ हो तो हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता स्वयं कई रोगों से मुकाबला कर लेती है। सिंह ने कहा कि किसी भी कार्य को ठीक तरह से करने के लिए स्वस्थ शरीर के साथ, मन भी ऊर्जा, आनंद और प्रसन्नता से भरा होना चाहिए। योग शरीर को स्वस्थ्य मन को नियंत्रित, अनुशासित और प्रसन्न रखता है। उन्होंने युवाओं और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग से जीवन में अनुशासन आता है, शरीर स्वस्थ रहता है और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार होता है। इससे बेहतर तरीके से अध्ययन पर ध्यान केन्द्रित कर पाएंगे तथा जीवन में निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य की क्षमता भी विकसित होगी।



## कोरोना काल में योग का महत्व समझा- चौधरी

स्थानीय विधायक व मप्र के स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि आज देश में 75 स्थानों पर और प्रदेश में चार प्रमुख स्थानों पर योग के विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें हमारा सांची भी शामिल हैं। आज इस एतिहासिक धरोहर पर तीन हजार से अधिक लोग सामूहिक योग के लिए एकत्रित हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में दुनिया ने योग का महत्व जाना और समझा है। स्वस्थ जीवन के लिए योग का बहुत महत्व है। योग जीवन का हिस्सा नहीं है, योग स्वस्थ जीवन जीने का मार्ग है। योग के माध्यम से अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। कई बीमारियां भी नियमित योग से ठीक हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को योग जरूर करना चाहिए। योग से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। कलेक्टर अरविन्द कुमार दुबे ने कहा कि आज सांची के साथ ही सम्पूर्ण जिले में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सांची बौद्ध विश्वविद्यालय की कुलपति डा. नीरजा गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में एसपी विकास कुमार शहवाल, वज्रासन, वक्रासन, मकरासन, शवासन सहित योग के अन्य आसन किए गए।

# पंचायत चुनाव के प्रथम चरण का मतदान 25 को

**रायसेन।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में रायसेन जिले की जनपद पंचायत सिलवानी व बाड़ी क्षेत्र अंतर्गत में 25 जून को मतदान होगा। आयोग के निर्देशानुसार मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक सम्पन्न होगा। सिलवानी जनपद क्षेत्र में कुल 99170 मतदाता हैं। जिनमें 51920 पुरुष, 47249 महिला मतदाता एवं एक अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार बाड़ी जनपद में कुल 145781 मतदाता हैं। जिनमें 78062 पुरुष, 67718 महिला मतदाता एवं एक अन्य मतदाता शामिल हैं। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत द्वितीय चरण में जनपद पंचायत उदयपुरा, गैरतगंज तथा बेगमगंज में एक जुलाई को एवं तृतीय चरण में विकासखण्ड सांची तथा औबेदुल्लागंज में 8 जुलाई को मतदान होगा। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य पद की मतगणना का सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 14 जुलाई को की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य पद हेतु जिला स्तरीय सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 15 जुलाई को की जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतपत्रों के अलग-अलग रंग निर्धारित हैं। पंच पद के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र होगा। गौरतलब है कि पंचायत निर्वाचन मतपत्र और मतपेटी के द्वारा करवाया जाएगा।

# ईवीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाइजेशन किया गया

**रायसेन।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 कार्यक्रम के तहत जिले में दो चरणों में नगरीय निकाय निर्वाचन सम्पन्न होगा। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेक्षक अजातशत्रु श्रीवास्तव व कलेक्टर अरविन्द कुमार दुबे की उपस्थिति में दोनों चरणों के लिए ईवीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाइजेशन निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से आनलाइन किया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद तथा ई गवर्नेंस के जिला प्रबंधक धर्मेन्द्र नायक द्वारा उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को ईवीएम रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।




















# क्षेत्रीय फिल्में नहीं करना चाहते पंकज त्रिपाठी



मनोरंजन जगत में बीते कुछ समय से भाषा को लेकर विवाद चल रहा है। बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में भाषा विवाद को लेकर कई सितारों में अपनी राय रखी है। जहां कुछ सितारे बॉलीवुड और साउथ को एक मान रहे हैं, तो कुछ ऐसे भी हैं जो अपनी ही भाषा की फिल्मों में काम करना चाहते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान पंकज त्रिपाठी ने कहा कि वह कभी भी क्षेत्रीय फिल्में नहीं करेंगे, क्योंकि वह उसमें सहज महसूस नहीं करते। दरअसल, पंकज त्रिपाठी इन दिनों अपनी फिल्म शेरदिलः द पीली भीत सागा के प्रमोशन में जुटे हुए हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू के दौरान पंकज त्रिपाठी ने कहा कि उन्हें किसी ऐसी भाषा में फिल्म या शो में काम करने का विचार पसंद नहीं है, जिसमें वह सजह नहीं हैं। साथ ही वह अपनी आवाज को किसी अन्य अभिनेता द्वारा डब किए जाने के भी पक्ष में नहीं हैं। पंकज त्रिपाठी ने कहा, मुझे ऐसी भाषा में बोलने का विचार पसंद नहीं है, जिसमें मैं किसी भी फिल्म या वेब सीरीज में सहज महसूस नहीं करता हूं। कोई दूसरा मेरे डायलॉग बोले, मैं इसके पक्ष में नहीं हूं। मेरा अभिनय और भाव मेरी आवाज के पूरक हैं। इनके बिना मेरा अभिनय अधूरा है। जब पंकज त्रिपाठी से पूछा गया कि क्या वह कभी बंगाली फिल्म में काम करेंगे? इस पर उन्होंने कहा, मैं थोड़ी बहुत बंगाली जानता हूं और पूरी तरह से समझता हूं लेकिन ज्यादा नहीं बोल सकता। लेकिन ये एक बंगाली किरदार निभाने के लिए पूरा नहीं है। अगर बंगाली फिल्म में मुझे हिंदी बोलने वाले किरदार की तरह ही लिया जाए, तो उस फिल्म को जरूर करना पसंद करूंगा। पंकज त्रिपाठी के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म शेरदिल- द पीलीभीत सागा 24 जून को रिलीज हो रही है। यह फिल्म पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। इस फिल्म का निर्देशन श्रीजीत मुखर्जी ने किया है। वहीं, इसके अलावा वह जल्द ही मिर्जापुर 3 वेब सीरीज की शूटिंग भी शुरू करेंगे।

# शमा सिकंदर ने बोल्डनेस की हदें कीं पार

## स्विमिंग पूल में दिखा एक्ट्रेस का कातिलाना अंदाज

एक्ट्रेस शमा सिकंदर अपनी बोल्डनेस की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर वह अपने प्रशंसकों के लिए फोटोज और वीडियो शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस इन दिनों पति जेम्स मिलिरॉन के साथ छुट्टियां मना रही हैं। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो पोस्ट किया है जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

### वीडियो में दिखा बोल्ड अंदाज

इस वीडियो में एक्ट्रेस ब्लैक और ब्लू बिकिनी में स्वीमिंग पूल में इंजॉय करती नजर आ रही हैं। उनके पीछे पहाड़ों से घिरीं खूबसूरत वादियां नजर आ रही हैं। इस वीडियो के साथ शमा ने कैप्शन में लिखा, %यार कुछ भी कहो, पहाड़ों में जाने की बात ही अलग होती है, नहीं?

### फैंस दे रहे रिएक्शन

शमा का यह बोल्ड अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है। अब तक इस वीडियो पर 54 हजार से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं। वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने कमेंट भी किया है। एक फैन में इस वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, बहुत सुंदर। एक अन्य ने लिखा, मेरी फेवरेट। इसके अलावा ज्यादातर लोग इस वीडियो पर फायर इमोजी शेयर कर अपनी दिल की बात कह रहे हैं।





### हाल ही में हुई है शादी

गौरतलब है कि शमा ने हाल ही में जेम्स मिलिरॉन से शादी रचाई है। एक्ट्रेस ने यह शादी गोवा में क्रिश्चियन रीति-रिवाज से की थी। इस शादी में ज्यादा लोगों को आमंत्रित नहीं किया गया था। केवल घर के लोग और करीबी दोस्त ही इस समारोह में शामिल हुए थे।

# शमशेरा का टीजर रिलीज और कंगना का वीडियो वायरल

सिनेमा जगत में हलचल रहना आम बात है और इस हलचल पर फैंस भी नजर बनाए रखते हैं। रोज के फिल्मी रैप में हम आपको सिनेमा और टीवी जगत के बारे में बताते हैं। आज भी फिल्मी दुनिया में काफी कुछ हुआ है। रणबीर कपूर की फिल्म शमशेरा का टीजर रिलीज हो गया है। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ कंगना रणौत का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसके अलावा, आज सिनेमा जगत में क्या कुछ हुआ। आइए आपको 10 बड़ी खबरों के जरिए बताते हैं अभिनेता रणबीर कपूर और वाणी कपूर की आगामी फिल्म शमशेरा का टीजर रिलीज हो चुका है। बता दें कि इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज से ठीक दो दिन पहले टीजर जारी किया गया है। करण मल्होत्रा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का ट्रेलर 24 जून को रिलीज होगा। टीजर में बीहड़ और रेतीला इलाका नजर आ रहा है। अभिनेता रणबीर कपूर डाकुओं की टोली के साथ घुड़सवारी करते नजर आ रहे है। टीजर देखकर लग रहा









है कि यह एक शानदार फिल्म होगी। टीजर में संजय दत्त का रोल काफी खौफनाक लग रहा है। महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की गद्दी खतरे में है। उद्धव ठाकरे के करीबी विश्वासपात्र एकनाथ शिंदे ने बगावत कर दी है, जिसके बाद अब कहा जा रहा है कि उद्धव ठाकरे इस्तीफा दे सकते हैं। इन सब सियासी हलचल के बीच बॉलीवुड की पंगा गर्ल यानी अभिनेत्री कंगना रणौत का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कंगना रणौत कह रही हैं कि उद्धव ठाकरे का घमंड टूट जाएगा। मैं बड़े पर्दे का हीरो हूं और मैं वहीं रहना चाहता हूं। ओटीटी पर चंद पैसों में उपलब्ध होना मुझे पसंद नहीं। ये बात बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने कही है। जी हां, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब अभिनेता से उनके ओटीटी डेब्यू के बारे में पूछा गया, जब अभिनेता ने कहा कि वह कभी ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, ÷मैं बड़े पर्दे का हीरो हूं और यही वह जगह है जहां मैं खुद को देखना चाहता हूं। इस समय, मैं ऐसी ही फिल्में करना चाहता हूं, जो बड़े पर्दे पर रिलीज हो। मुझे इस बात से दुख होगा अगर कोई मेरी फिल्म बीच में ही बंद कर दे क्योंकि उन्हें वॉशरूम जाना था। साथ ही, मैं 299 या 499 रुपये में उपलब्ध नहीं होना चाहूंगा।





# नेहरू एक बड़ी भूल से मी-टू तक, इन बयानों से मुकेश खन्ना की जिंदगी में मचा था बवाल





90 के दशक में शक्तिमान बच्चों का प्यारा धारावाहिक था। सुपरहीरो पर आधारित इस शो का प्रसारण केवल रविवार को होता था, इसके लिए बच्चों में बहुत क्रेज होता था। शक्तिमान का किरदार निभाने वाले मुकेश खन्ना ने इसी शो के आधार पर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। सिर्फ शक्तिमान ही नहीं इस अभिनेता ने बीआर चोपड़ा की %महाभारत% में भी भीष्म पितामह के किरदार में जान फूंक दी थी। आज बच्चों का चहेता शक्तिमान यानि मुकेश खन्ना अपना 64वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उनके बारे में जानते हैं कुछ खास बातें-

### जब शक्तिमान का था क्रेज

90 के दशक की पीढ़ी शक्तिमान को देखते हुए बड़ी हुई है। उनका हर किरदार अपने आप में खास था। एक वक्त ऐसा था जब मुकेश खन्ना का स्टारडम सभी पर हावी था। उनके निभाए किरदार खूब लोकप्रिय रहे और आज भी लोग उन किरदारों के फैन हैं। फिर चाहे वो भीष्म पितामह का किरदार हो, शक्तिमान हो या फिर आर्यमान। हर किरदार में मुकेश खन्ना ने जान डाल दी। बच्चों के बीच जैसा क्रेज मुकेश खन्ना के शक्तिमान किरदार को लेकर देखने को मिला वैसा किसी और के लिए नहीं दिखा। टीवी शो के अलावा मुकेश खन्ना जिस बात के लिए चर्चा में रहे वो थे उनके विवादित बयान, आज हम इन्हीं के बारे में आपको बताने जा रहे हैं-

### पंडित नेहरू पर दिया बयान


साल 2021 में गणतंत्र दिवस के मौके पर मुकेश खन्ना ने एक वीडियो जारी किया था। उन्होंने कहा था कि भारत भले ही एक डेमोक्रेटिक कंट्री है, लेकिन मुझे इस गौरव के साथ हर बार एक टीस भी होती है कि अगर नेहरू और गांधी जी ने अपनी न मनवाई होती और वल्लभ भाई पटेल को हमारे देश का प्रथम प्रधानमंत्री बना दिया तो आज शायद हमारा भारत देश कहां से कहां पहुंच गया होता। मुकेश खन्ना ने ये भी कहा कि भगत सिंह को गांधी जी बचा सकते थे। चंद्रशेखर आजाद को भी मारा गया। उन्होंने ये भी दावा किया कि उन्हें मारने के पीछे बहुत बड़े राज हैं।

### महिलाएं मर्दों की बराबरी करना चाहती हैं

एक इंटरव्यू के दौरान मुकेश खन्ना ने कहा था कि महिलाएं मर्दों की बराबरी करना चाहती हैं। मी-टू अभियान को लेकर उन्होंने कहा था कि औरत की रचना अलग होती है और मर्द की अलग। औरत का काम होता है घर संभालना। प्रॉब्लम वहां से शुरू हुई है जब औरतों ने भी काम करना शुरू कर दिया। आज औरत मर्द के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बात करती हैं।

# तार से बनी ड्रेस में नजर आईं उर्फी जावेद

बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी जावेद अक्सर सोशल मीडिया अपने अतरंगी आउटफिट और विवादों के लिए जानी जाती हैं। उर्फी आए दिन सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। शायद ही कोई ऐसा दिन हो दब एक्ट्रेस अपने फैशन सेंस और ड्रेसिंग को लेकर ट्रोल ना हुई हों। लेकिन बावजूद इसके वह हर कोई ना कोई नया गेटअप लेकर फैंस के सामने हाजिर हो जाती है। इसी क्रम में एक बार फिर उर्फी सोशल मीडिया पर चर्चाओं में हैं। एक्ट्रेस ने कुछ देर पहले ही इंस्टाग्राम पर अपना एक नया लुक फैंस के साथ शेयर किया है। हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए गए एक वीडियो क्लिप में उर्फी का एक और नया अवतार देखने को मिल रहा है। साझा किए गए इस वीडियो में उर्फी वायर यानी तार से बने आउटफिट में नजर आ रही हैं। वीडियो की शुरुआत में उर्फी में एक टी-शर्ट पहले नीले रंग के तारों के बीच फंसी नजर आ रही हैं। वहीं, कुछ देर बाद वह उसी तार के बने स्कर्ट और ब्रालेट में नजर आईं। कुछ समय पहले ही शेयर किए गए इस वीडियो को अब तक 29 हजार से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। इस वीडियो में शेयर करते हुए उर्फी ने कैप्शन में लिखा, हाँ यह तार है! और यह कहीं से भी काटे नहीं गए हैं। मुझे लगता है कि यह बॉम्ब लग रहा है। मुझे लगता है कि मैं अलग-



अलग रंगों को भी ट्राय करूंगी! मेरे लिए फैशन का मतलब प्रयोग करना, कुछ बनाना और बयान देना है। उर्फी के इस नए एक्सपेरिमेंट को बेहद पसंद कर रहे हैं। कई लोग जहां उनकी तारीफ करते दिख रहे हैं तो वहीं कुछ काफी मजाकिया कमेंट्स भी कर रहे हैं।

# घरेलू खरीददारी से सेंसेक्स 300 तो निफ्टी 100 अंक सुधरा

## क्रूड के दाम घटने से गिरता रुपया संभला



**मुंबई।** बीएसई व एनएसई में कल की तुलना में गुरुवार को शुरुआती तेजी देखी गई। आज आईटी और ऑटो मोबाइल कंपनियों के शेयरों के दमदार प्रदर्शन से सेंसेक्स में 300 अंकों से ज्यादा का उछाल दिखा। गुरुवार सुबह सेंसेक्स 150 अंकों की तेजी के साथ 51,973 पर और एनएसई का निफ्टी 39 अंकों की बढ़त बनाकर 15,452 पर खुला। इसके बाद चंद मिनटों में यह 300 अंक तक चढ़ गया। घरेलू खरीददारी से करीब सवा नौ बजे सेंसेक्स 325 अंकों की तेजी के साथ 52,147 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 100 अंक चढ़कर 15,513 पर पहुंच गया। बुधवार को बाजार में आई भारी गिरावट से बाजार में आज भी गिरावट का अनुमान था, लेकिन घरेलू निवेशक शुरुआती सत्र में बाजी पलटते दिखाई दिए। विश्व बाजार के भी कमजोर संकेतों से सप्ताह के अंतिम दिन बाजार में भारी मुनाफावसूली से गिरावट की आशंका थी, मगर आरंभिक कामकाज में इसके विपरीत माहौल नजर आ रहा है। एयरटेल के नेतृत्व में कई कंपनियों के शेयर में उछाल देखा गया। आज निवेशकों ने शुरुआत से ही एयरटेल, विप्रो, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, टीसीएस, एमएंडएम, डॉ. रेड्डी लैब, हीरो मोटरकॉर्प, बजाज आटो आदि के शेयरों में जमकर खरीदी की। उधर, अपोलो हॉस्पिटल्स, ओएनजीसी, टाइटन कंपनी, पावर ग्रिड कार्पोरेशन, एसबीआई लाइफ इंश्यूरेंस, रिलायंस, एचडीएफसी, कोटक बैंक में बिकवाली का जोर रहा। इससे इनके शेयर दबाव में आ गए। सोमवार और मंगलवार को कारोबारी सत्रों में तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भारी गिरावट दर्ज हुई थी। बीएसई सेंसेक्स 709 अंक लुढ़कर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 225.50 अंक गिरा था। निफ्टी 15,413.30 अंक पर बंद हुआ था तो सेंसेक्स 709.54 अंक गिरकर 51,822.53 अंक पर बंद हुआ था।

### रुपये के दाम में नौ पैसे का सुधार

उधर, विदेशी मुद्रा बाजार में गुरुवार सुबह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में नौ पैसे का सुधार देखा गया। रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 78.23 पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 78.26 पर खुला और 78.23 पर पहुंच गया। इसमें पिछले बंद की तुलना में 9 पैसे का सुधार आया। बुधवार को रुपया 19 पैसे की गिरावट के साथ अब तक के सबसे निचले स्तर 78.32 पर पहुंच गया था।

## क्रिप्टो के बाजार में फिर लौटी बहार,

# बिटक्वाइन 20000 डॉलर के पार, इथेरियम 12 फीसदी चढ़ा

**नई दिल्ली।** बीते कुछ समय से क्रिप्टो बाजार हर रोज निवेशकों के आंसू निकाल रहा था, लेकिन अब इसमें एक बार फिर से बहार लौट आई है। सोमवार को बिटक्वाइन-इथेरियम से लेकर लाइटक्वाइन और पोल्काडॉट तक लगभग सभी क्रिप्टोकरेंसी में जोरदार तेजी देखने को मिली। हालांकि, इस दौरान टॉप-10 में शामिल एकमात्र टेथर क्वाइन में गिरावट आई है।



### बिटक्वाइन के दाम में आया जोरदार उछाल

दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटक्वाइन की कीमत में बीते 24 घंटों के दौरान नौ फीसदी का उछाल आया है और इसका भाव 1,28,268 रुपये बढ़कर फिर से 20,000 डॉलर को पार कर गया है। खबर लिखे जाने तक बिटक्वाइन की कीमत उछलकर 16,45,202 रुपये पर पहुंच चुकी थी। इस कीमत पर इसका बाजार पूंजीकरण भी बढ़कर 29.3 ट्रिलियन रुपये हो गया था। बिटक्वाइन के बाद दूसरी सबसे पसंदीदा क्रिप्टोकरेंसी इथेरियम के दाम में भी इस दौरान 12 फीसदी की बड़ी तेजी आई और यह 9,285 रुपये चढ़कर 88,348 रुपये का हो गया। इथेरियम का मार्केट कैप भी इस वृद्धि के साथ 10.0 ट्रिलियन रुपये पर पहुंच गया।

### डॉजक्वाइन-लाइटक्वाइन के निवेशक मालामाल

टॉप-10 क्रिप्टोकरेंसी में शामिल डॉजक्वाइन के निवेशकों की भी बीते 24 घंटे में बल्ले-बल्ले हो गई। इसके दाम में इस अवधि में 11 फीसदी को इजाफा देखने को मिला है। इसके चलते डॉजक्वाइन का भाव 0.48 रुपये बढ़कर 4.80 रुपये हो गया है। इस इजाफे के बाद इसका बाजार पूंजीकरण भी बढ़कर 600 अरब रुपये हो गया है। डॉजक्वाइन के साथ ही पोल्काडॉट 5 फीसदी की बढ़त के साथ 602 रुपये का हो गया। इसके अलावा शीबा इनु क्वाइन की कीमत 6 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 0.000659 रुपये हो गई है। लाइटक्वाइन की बात करें तो इसमें 13 फीसदी की तेजी आई और इसका दाम 4,292 रुपये हो गया।

### बिनांस-कार्डानो के भाव में भी आई तेजी

क्रिप्टो बाजार में आई तेजी के बीच बिनांस क्वाइन 7 फीसदी उछलकर 17,101 रुपये का हो गया। इसके अलावा कार्डनो में 5 फीसदी की तेजी आई और इसकी कीमत 39 रुपये हो गई। सालाना क्रिप्टोकरेंसी 8 फीसदी से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई, तो वहीं एवलॉन्च के दाम में 10 फीसदी का बड़ा उछाल देखने को मिला है। रिपल करेंसी की कीमत भी चार फीसदी तक बढ़ गई है।

### बीते हफ्ते बुरी तरह टूटा था क्रिप्टो बाजार

गौरतलब है कि क्रिप्टो बाजार में बीते हफ्ते आई जोरदार गिरावट ने निवेशकों की नींद उड़ा दी थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूरे हफ्ते में क्रिप्टोकरेंसी बाजार में निवेश करने वालों को 22 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। बिटक्वाइन, इथेरियम, लाइटक्वाइन, डॉजक्वाइन, समेत टेथर ने इस दौरान अपने निवेशकों की गाड़ी कमाई डुबो दी थी। बता दें कि सिर्फ क्रिप्टो बाजार ही नहीं बल्कि शेयर बाजारों के लिए भी पिछला हफ्ता बेहद बुरा साबित हुआ था।

# 10-15 रुपये लीटर घटीं खाने के तेल की कीमतें, खाद्य सचिव ने कहा- अभी और घट सकते हैं दाम

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमतों में नरमी और सरकार के हस्तक्षेप से खाने के तेल के भाव में प्रति लीटर 10-15 रुपये की कमी आई है। खाद्य सचिव सुधांशु पांडे ने बुधवार को कहा कि मूंगफली तेल को छोड़कर बाकी सभी तेल के दाम पिछले कुछ दिनों में घटे हैं। पिछले हफ्ते बड़े ब्रांड जैसे अदाणी विल्मर, मदर डेयरी और अन्य ने अधिकतम खुदरा मूल्य को घटाने की घोषणा की थी। हालांकि, इसका फायदा अगले कुछ दिनों में ही मिल पाएगा क्योंकि नया स्टॉक बाजार में पहुंचने में समय लगेगा। सूरजमुखी तेल 3 रुपये सस्ता सूरजमुखी तेल की कीमत 193 रुपये से घटकर 190 रुपये पर आ गई है। पाम तेल का भाव 156 से घटकर 152 रुपये पर आ गया है। उपभोक्ता मंत्रालय कुल 22 जरूरी वस्तुओं के भाव की निगरानी करता है। इनके आंकड़े 167 बाजारों से जुटाए जाते हैं। इसमें दाल, चावल, गेहूं, आटा, चीनी, दूध, आलू, चायपत्ती प्याज, टमाटर और अन्य चीजें हैं। सुधांशु पांडे ने कहा कि केवल खाने के तेल की ही कीमतें नहीं, बल्कि खुदरा बाजार में गेहूं और आटे अन्य की कीमतें भी स्थिर हैं।



### मूंगफली तेल की कीमतों में बढ़ोतरी

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मूंगफली तेल की कीमत 21 जून को बढ़कर 188 रुपये हो गई, जो एक जून को 186 रुपये लीटर थी। सरसों के तेल का भाव इस दौरान 183 से घटकर 180 रुपये हो गया। वनस्पति तेल का दाम 165 रुपये है, जबकि सोया तेल का भाव 169.65 से कम होकर 167.67 रुपये हो गया है। आने वाले दिनों में खाने के तेल और अन्य प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में और गिरावट हो सकती है।

# आज भी नहीं बदले पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने आज के लिए पेट्रोल और डीजल के दाम जारी कर दिए हैं। आज कंपनियों ने तेल के दामों में कोई बदलाव नहीं किया है। पिछले दिनों सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाने की घोषणा की थी। इसके बाद पेट्रोल के दामों में अधिकतम नौ रुपये और डीजल के दामों में सात रुपये की कमी आई है। आज दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल 96.72रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 111.35 रुपये व डीजल की कीमत 97.28 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल का दाम 106.03 रुपये जबकि डीजल का दाम 92.76 रुपये प्रति लीटर है। वहीं चेन्नई में भी पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर तो डीजल 94.24रुपये प्रति लीटर है।

**जानिए आपके शहर में कितना है दाम:** पेट्रोल-डीजल की कीमत आप एसएमएस के जरिए भी जान सकते हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट पर जाकर आपको ऋस्क और अपने शहर का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर भेजना होगा। हर शहर का कोड अलग-अलग है, जो आपको आईओसीएल की वेबसाइट से मिल जाएगा। बता दें कि प्रतिदिन सुबह छह बजे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। सुबह छह बजे से ही नई दरें लागू हो जाती हैं। पेट्रोल व डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और अन्य



चीजें जोड़ने के बाद इसका दाम लगभग दोगुना हो जाता है। इन्हीं मानकों के आधार पर पर पेट्रोल रेट और डीजल रेट रोज तय करने का काम तेल कंपनियां करती हैं। डीलर पेट्रोल पंप चलाने वाले लोग हैं। वे खुद को खुदरा कीमतों पर उपभोक्ताओं के अंत में करों और अपने स्वयं के मार्जिन जोड़ने के बाद पेट्रोल बेचते हैं। पेट्रोल रेट और डीजल रेट में यह कॉस्ट भी जुड़ती है।

# 30 जून है पैन-आधार लिंक करने की डेडलाइन, नहीं किया तो भरना होगा दोगुना जुर्माना

**नई दिल्ली।** अगर आपने अब तक पैन और आधार लिंक नहीं किया है तो जल्द से जल्द इस काम को पूरा कर लें, नहीं तो बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपको बता दें कि जुर्माने के साथ इस काम को करने के लिए समय सीमा 30 जून को समाप्त हो रही है। इस तारीख तक पैन-आधार लिंक कराने पर 500 रुपये जुर्माना देना होगा और अगर इसके बाद कराया तो दोगुना जुर्माना भरना पड़ेगा।

### 1000 रुपये चुकाना होगा जुर्माना

गौरतलब है कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने सर्कुलर जारी कर पैन कार्ड को आधार कार्ड के साथ लिंक करने के लिए 31 मार्च 2022 की तारीख निर्धारित की थी। इसके बाद




500 रुपये के जुर्माने के साथ इसे 30 जून तक करने की छूट दी गई थी। लेकिन, इस समय सीमा तक अगर कार्ड धारक इस काम को करने से चूक जाता है तो फिर यह जुर्माना बढ़कर 1000 रुपये यानी दोगुना हो जाएगा।

### पैन कार्ड हो सकता है निष्क्रिय

इस लेट फी का भुगतान Challan No ITNS 280 के जरिए किया जा सकता है। यदि आप अपने पैन को अपने आधार नंबर से लिंक नहीं करते हैं तो आपका पैन कार्ड निष्क्रिय हो सकता है। पैन कार्ड धारक की समस्या यहीं खत्म नहीं होगी। पैन आधार लिंक नहीं होने पर म्यूचुअल फंड, स्टॉक, बैंक खाता खोलने आदि में निवेश नहीं कर सकेंगे। क्योंकि यहां पैन कार्ड प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके अलावा अगर आप अवैध पैन कार्ड दिखाते हैं तो आयकर अधिनियम 1961 की धारा 272बी के तहत, निर्धारण अधिकारी दंडात्मक कार्रवाई का निर्देश दे सकता है।

**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)